**जन्मदिन विशेष**

**03 नवंबर 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हम जो भविष्य चाहते हैं उसके निर्माण के लिए

महिलाओं को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है।



**अमर्त्य सेन**

**( प्रख्यात अर्थशास्त्री )**

**जन्म: 03 नवंबर 1933**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

S u n d a y

## 03 नवम्बर

1. **पृथ्वीराज कपूर का जन्म–** हिन्दी फिल्मों और रंगमंच अभिनय के इतिहास पुरूष पृथ्वीराज कपूर का जन्म 03 नवम्बर, 1906 ई. को समुन्दरी, फैसलाबाद, पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान) में हुआ था। उन्होंने सन् 1944 में मुम्बई में पृथ्वी थियेटर की स्थापना की थी जो देश भर में घूम–घूम कर नाटकों को प्रदर्शन करता था। वर्ष 1972 में उनकी मृत्यु के पश्चात् उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1969 में पदम भूषण से भी सम्मानित किया गया। भारत की पहली बोलने वाली फिल्म 'आलमआरा' में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। इनकी प्रमुख फिल्मों में आलमआरा, प्यार किया तो डरना क्या, मुग़ल–ए–आजम, आवारा, विद्यापति प्रमुख हैं।
2. **लाइका की अंतरिक्ष यात्रा–** सोवियत संघ ने 03 नवम्बर 1957ई. को स्पुतनिक–2 अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया जिसमें पृथ्वी से जीवित प्राणी के रूप में पहली बार रूसी कुत्ते 'लाइका' को पृथ्वी के चक्कर लगाने के लिए अंतरिक्ष में भेजा गया।
3. **औरंगजेब का जन्म–** छठे मुगल बादशाह मुहीउद्दीन मुहम्मद औरंगजेब का जन्म 3 नवम्बर, 1618 ई. को उज्जैन के दाहोद नामक स्थान पर मुमताज के गर्भ से हुआ था। प्रजा द्वारा उसे 'आलमगीर' (विश्वविजेता) की उपाधि भी प्रदान की गई थी। उसने राहदारी, भूमिकर,, गृहकर आदि कई करों को समाप्त कर दिया। उसने पारसियों द्वारा मनाया जाने वाला नौरोज का त्योहार बंद करवा दिया। उसने दक्षिण भारत में बीजापुर और गोलकुंडा को भी अपने साम्राज्य में मिला लिया। उसने मराठों पर भी आक्रमण किया लेकिन मराठों के विरोध का दमन करने में असफल रहा।
   - **संदर्भ: वर्ग सात, इतिहास की पाठ्यपुस्तक के 'मुगल साम्राज्य' से जोड़कर औरंगजेब की दक्षिण नीति के बारे में बतायें।**

### जलाशयों के किनारे जाने से पहले ध्यान दें:

1. जलाशयों के बच्चों का ध्यान रखें। उन्हें गहरे पानी में नहीं जाने दें।
2. प्रशासन/आयोजक का दायित्व है कि गहरे स्थानों के पूर्व बैरिकैडिंग कर दें।
3. डूबते व्यक्ति को बचाने के लिए धोती, गमछी, साड़ी, लाइफ बोट, लाइफ जैकेट, रस्सी आदि का इस्तेमाल करें। यदि आप कुशल तैराक नहीं हो तो स्वयं पानी में ना जायें और डुबते व्यक्ति की सहायता के लिए शोर मचायें।
4. तेज पानी के धारा में ना जायें। ऊँचे टीलों से पानी में ना कुदें।
5. जलाशयों के किनारे गंदगी ना फैलायें।
6. नदी में उतरते समय गहराई का ध्यान रखें।
7. रात्री के समय अंधकार में नदी को तैरकर पार ना करने का प्रयास ना करें।

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष


3 नवंबर

## मधु प्रिया

## अन्नपूर्णा महाराणा का जन्म 3 नवंबर



अन्नपूर्णा महाराणा का जन्म 3 नवंबर 1917 को ओडिशा में राम देवी और गोपाबंधू चौधरी के दूसरे बच्चे के रूप में हुआ था। उनके दोनों माता-पिता भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे। इन्होंने चौदह वर्ष की उम्र से ही स्वतंत्रता के लिए सक्रिय रूप से प्रचार करना शुरू किया, और महात्मा गांधी की समर्थक बन गई। 1934 में, वह महात्मा गांधी के पुरी से भद्रक तक के "हरिजन पड़ा यात्रा" रैली में ओडिशा से जुड़ गईं। अगस्त 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन, सविनय अवज्ञा अभियान के दौरान सहित महाराणा को कई बार गिरफ्तार किया गया था। स्वतंत्रता के बाद, महाराणा ने भारत में महिलाओं और बच्चों की ओर से आवाज बनी। उन्होंने क्षेत्र की जनजातीय आबादी के बच्चों के लिए ओडिशा के रायगडा जिले में एक स्कूल खोला। महाराणा, विनोबा भावे द्वारा शुरू किया गये भूदान आन्दोलन, या भूमि उपहार आंदोलन का भी हिस्सा बनी। उन्होंने चंबल घाटी के सक्रिय डकैतो को मुख्य धारा में लौटने के लिए अभियान चलाया। आपातकाल के दौरान उन्होंने रामदेवी चौधरी के ग्राम सेवा प्रेस द्वारा प्रकाशित अख़बार की मदद से विरोध जताया। सरकार द्वारा समाचार पत्र पर प्रतिबंध लगा कर रामदेवी चौधरी और उड़ीसा के अन्य नेताओं जैसे नाबक्रुश्रा चौधरी, हरिकेष्णा महाबत, मनमोहन चौधरी, जयकृष्ण मोहंती और अन्य के साथ उन्हें गिरफ्तार किया गया था। ओडिशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 19 अगस्त 2012 को अपने कटक घर में आयोजित एक समारोह में महाराणा को ऑनोरिस कौसा (मानद उपाधि) से सम्मानित किया। 31 दिसंबर 2012 को, 96 वर्ष की उम्र में बखराबाद, कटक, ओडिशा के अपने घर पर लंबी बीमारियों जुझने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। । 2 जनवरी 2012 को कटक के खन्नागर श्मशान में उन्हें सम्मान के साथ उनका दाह-संस्कार किया गया। ओडिशा के राज्यपाल मुरलीधर चंद्रकांत भंडारी और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उनकी मृत्यु को भारत और ओडिशा की "अपूरणीय हानि" के रूप में वर्णित किया था।




अमर्त्य सेन (जन्म: 3 नवंबर, 1933) अर्थशास्त्री हैं, उन्हें 1998 में अर्थशास्त्र के नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संप्रति वे हार्वड विश्वविद्यालय (अमरीका) हार्वड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक थे। वे जादवपुर विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकानामिक्स और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भी शिक्षक रहे हैं। सेन ने एमआईटी, स्टैनफोर्ड, कॉर्नेल और बेर्केलेय विश्वविद्यालयों में अतिथि अध्यापक के रूप में भी शिक्षण किया है।

# भाई दूज

राकेश कुमार






**भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज)** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का पर्व है जिसे **यम द्वितीया** भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 03.11.2024


## सांस्कृतिक ज्ञान

सांस्कृतिक ज्ञान मूल्यों, रीति-रिवाजों, विश्वासों और प्रथाओं की सामूहिक समझ है जो किसी विशेष समूह या समाज के भीतर साझा की जाती हैं। इसमें भाषा, इतिहास और मूल्यों सहित कई तरह के विषय शामिल हैं, और इसे शिक्षा, अनुभव और पारस्परिक आदान-प्रदान जैसे कई तरीकों से हासिल किया जा सकता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar





दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में स्थित मैरी मैन दुनिया की सबसे बड़ी भू-आकृतियों में से एक है, जो 4.2 किलोमीटर तक फैली हुई है। 1998 में रहस्यमय तरीके से खोजे गए इस चित्र को बनाने वाले का और इसे किसलिए बनाया गया इसके बारे में आज भी पता नहीं चल पाया है।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

CRICKET

# ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग

## (टॉप-10 खिलाड़ी)

| रैंक | बॉलर | देश | रेटिंग पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | कगिसो रबाडा | (साउथ अफ्रीका) | 860 |
| 2 | जोश हेजलवुड | (ऑस्ट्रेलिया) | 847 |
| 3 | जसप्रीत बुमराह | (भारत) | 846 |
| 4 | रविचंद्रन अश्विन | (भारत) | 831 |
| 5 | पैट कमिंस | (ऑस्ट्रेलिया) | 820 |
| 6 | नाथन लॉयन | (ऑस्ट्रेलिया) | 801 |
| 7 | प्रबथ जयसूर्या | (श्रीलंका) | 801 |
| 8 | रवींद्र जडेजा | (भारत) | 776 |
| 9 | नोमान अली | (पाकिस्तान) | 759 |
| 10 | मैट हेनरी | (न्यूजीलैंड) | 743 |

# जयंती पर नमन



## स्वतंत्रता सेनानी


# अन्नपूर्णा महाराणा

**जन्म- 3 नवंबर 1917**

**मृत्यु - 31 दिसंबर 2012**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्मभूषण पुरस्कार से
सम्मानित भारतीय फिल्म
जगत के प्रसिद्ध अभिनेता
पृथ्वीराज कपूर
की जयंती पर नमन।
जन्म- 3 नवम्बर 1906
मृत्यु- 29 मई 1972
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

HAPPY BIRTHDAY



# अमर्त्य सेन

## जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

3 नवंबर 1933